आदेश की क्रम सं० और तारीख	आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर	आदेश पर की गई कार्रवाई के बारे में टिप्पणी तारीख सहित
	2	3

अभिलेख उपस्थापित।

31-12-22

शांती देवी पति बिमल राम, निवास स्थान ग्राम वो पोस्ट–ओरिया, थाना–मुफ्फसिल, जिला–हजारीबाग द्वारा छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम, 1908 की धारा–46 के अन्तर्गत अंचल–सदर हजारीबाग, मौजा–ओरिया, थाना नं0–152, खाता संख्या–03, प्लॉट संख्या–269, रकवा 0.04 एकड़ (04 डिसमिल) (चार डिसमिल) भूमि उमा देवी पति देव प्रकाश राम, निवास स्थान ग्राम वो पोस्ट–ओरिया, थाना–मुफ्फसिल, जिला–हजारीबाग के साथ भूमि बिक्री करने हेतु आवेदक एवं प्रस्तावित क्रेता का जाति, आवासीय प्रमाण–पत्र एवं भूमि संबंधी कागजात संलग्न करते हुए ऑनलाईन आवेदन Acknowledgement No.-RCMSON22016314 समर्पित किया गया है। प्राप्त आवेदन के आलोक में परमिशन वाद संख्या-239/2022 प्रारम्भ कर कार्यालय पत्रांक 1125/रा0 दिनांक 09.03.2022 द्वारा अंचल अधिकारी, सदर को आम इस्तेहार का तामिला प्रतिवेदन एवं जाँच प्रतिवेदन विहित प्रपत्र में उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया।

अंचल अधिकारी, सदर हजारीबाग के पत्रांक 3041 दिनांक 29.12.2022 से जाँच प्रतिवेदन, आम इस्तेहार का तामिला प्रतिवेदन, ट्रेस नक्शा एवं चेक स्लीप उपलब्ध कराया गया है। आम इस्तेहार में किसी भी व्यक्ति द्वारा आपत्ति दर्ज नहीं किया गया है। अंचल अधिकारी, सदर हजारीबाग से प्राप्त प्रतिवेदनानुसार –

क्रेता एवं विक्रेता अनुसूचित जाति के अन्तर्गत है एवं हजारीबाग जिला के निवासी हैं। आवेदित भूमि केवाला से हासिल है। प्रश्नगत् भूमि रैयती खाते की भूमि है। खतियानी रैयत अब्दुल गफूर वगै0 हैं। खतियान के अनुसार धारित कुल रकवा 28 डिसमिल भूमि है। पंजी–।। अनुसार जमाबंदी रैयत द्वारा धारित कुल रकवा 07 डिसमिल भूमि है। पंजी–।। के पृष्ठ संख्या-52/VII पर यशोदा देवी के नाम से जमाबंदी दर्ज है। लगान रसीद वर्ष 2020–21 तक निर्गत् हैं। आवेदक की सास जमाबंदी रैयत हैं। भूमि संयुक्त खाते की हैं। आवेदिका घरेलु बँटवारा के अनुसार अपने हिस्से की भूमि बिक्री कर रहे हैं। बिक्री की अनुमति मिलने के पश्चात् रकवा 03डी एवं 64.50डी0 भूमि मौजा–ओरिया में ही बचता है। विक्रेता को भूमि बिक्री करने का अधिकार है। प्रस्तावित भूमि भूदान/भू–अधिग्रहण क्षेत्र/प्रतिबंधित सूची/वन विभाग की भूमि/सरकारी भूमि के अन्तर्गत नहीं है तथा BLR Act Section-4h से मुक्त है। विक्रेता का दखल कब्जा है।

अनुसूची-14 फारम सं0-563

आदेश की क्रम संख्या और तारीख	आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर	का[illegible] टिप्पणी
1	2	

प्रश्नगत् भूमि का ट्रेस नक्शा प्राप्त है, जिसमें आवेदित भूमि को लाल रंग से दर्शाया गया है एवं नक्शा में प्रस्तावित भूमि का चौहद्दी भी अंकित किया गया है।

अंचल अधिकारी, सदर हजारीबाग द्वारा विक्रेता को छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम, 1908 की धारा-46 के तहत् प्रश्नगत् भूमि की बिक्री करने की अनुमति हेतु अनुशंसा की गयी है।

उपरोक्त परिप्रेक्ष्य में अंचल अधिकारी, सदर हजारीबाग के अनुशंसा के आलोक में शांती देवी पति बिमल राम, निवास स्थान ग्राम वो पोस्ट-ओरिया, थाना-मुफ्फसिल, जिला-हजारीबाग को छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम, 1908 की धारा-46 के अन्तर्गत अन्तर्गत अंचल-सदर हजारीबाग, मौजा-ओरिया, थाना नं0-152, खाता संख्या-03, प्लॉट संख्या-269, रकवा 0.04 एकड़ (04 डिसमिल) (चार डिसमिल) भूमि उमा देवी पति देव प्रकाश राम, निवास स्थान ग्राम वो पोस्ट-ओरिया, थाना-मुफ्फसिल, जिला-हजारीबाग के साथ भूमि बिक्री हेतु अनुमति प्रदान की जाती है।

लेखापित एवं संशोधित

अपर समाहर्त्ता, हजारीबाग।

अपर समाहर्त्ता, हजारीबाग।

Digitally signed by RAKESH RAUSHAN
Date: 2023.01.02 14:03:12 +05:30
Location: 192.168.0.103